# पाठ - 10

# इमारतें

---

## सोचो

**Q1. इतने सारे बुर्ज क्यों बनाए गए होंगे?**

**उत्तर :** इतने सारे बुर्ज सुरक्षा के लिए बनवाएं गए होंगे।

**Q2. बुर्ज में ये बड़े-बड़े छेद क्यों बने होंगे?**

**उत्तर :** बुर्ज में बड़े-बड़े छेद बाहर देखने के लिए बने होंगे।

**Q3. सीधी-सपाट दीवार से झाँकने में और बुर्ज से झाकने में क्या अंतर होगा?**

**उत्तर :** सीधी-सपाट दीवार से झाँकने में आप छिप नहीं सकते हैं। बुर्ज से झाँकने में आप छिप सकते हैं और यह सुरक्षा के लिए अच्छी बात है।

**Q4. बुर्ज के पीछे खड़े हुए छेदों में से देखने वाले सिपाहियों को हमला करने में क्या मदद मिलती होगी?**

**उत्तर :** बुर्ज के पीछे खड़े हुए छेदों में से देखने वाले सिपाहियों को छुप कर हमला करने में मदद मिलती होगी।

## सोचो और चर्चा करो

**Q1. फव्वारे कैसे चलते होंगे?**

**उत्तर :** फव्वारे किसी मशीन से चलते होंगे।

**Q2. हवा और रोशनी का क्या इंतजाम होगा?**

**उत्तर :** हवा और रोशनी के लिए दरवाजे, खिड़कियाँ, रोशनदान आदि बनवाए गए थे।

**Q3. चित्र में दीवार पर की गई नक्काशी को ध्यान से देखो। इतनी सुन्दर और बारीक नक्काशी करने में किन औजारों का इस्तेमाल होता होगा?**

**उत्तर :** इतनी सुन्दर और बारीक नक्काशी के लिए हथौड़ा, छेनी आदि का इस्तेमाल होता होगा।

**Q4. हमारे देश में आज भी कई जगह बिजली नहीं है। पर जिन जगहों पर बिजली है अगर वहाँ एक हफ्ते तक बिजली न आए तो कौन-कौन से कामों में मुश्किल होगी?**

**उत्तर :** बिजली नहीं आने पर चारों तरफ अंधेरा हो जायेगा। पंखा, टीवी, कम्प्यूटर आदि हम नहीं चला पायेंगे। हम आधुनिक घरेलू उपकरणों का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे।

## कहा है पूर्व पश्चिम

**Q1. तुम जिस जगह पर हो वहाँ पर सूरज किस दिशा में उगता है और किस दिशा में डूबता है? पता करो कि तुम जहाँ खड़े हो वहाँ से पूर्व दिशा में क्या-क्या है पश्चिम में क्या-क्या है तथा उत्तर:-दक्षिण में क्या-क्या है?**

**उत्तर :** जिस जगह मैं हूँ वहाँ सूरज पूरब में उगता है, और पश्चिम में डूबता है। मेरे पूरब में पहाड़ तथा पश्चिम में पार्क है। मेरे उत्तर: में डाकघर है और दक्षिण में एक विद्यालय है।

## बताओ और लिखो

**Q1. गोलकोंडा के नक्शे को देखो-चारों दिशाएँ तीर के निशान से दिखाई गई है।**

**(i) अगर तुम बोड़ली दरवाजे से किले के अंदर देख रहे हो तो कटोरा हौज किस दिशा में है?**

**(ii) अगर कोई बंजारा दरवाजे के अंदर आ रहा है तो कटोरा हौज उसकी किस दिशा में होगा?**

**(iii) वाला हिसार से तुम किस दिशा में चलोगे कि मोती महल पहुँच जाओ?**

**(iv) किले की बाहरी दीवार पर कितने दरवाजे दिख रहे है?**

**(v) गिन कर बताओ किले में कितने महल हैं?**

**(vi) पानी के लिए क्या-क्या इंतजाम दिख रहे हैं? जैसे-बावड़ी, कुँए, हौज?**

**(vii) नक्शे में एक सेंटीमीटर जमीन पर 110 मीटर की दूरी दिखती है। अब बेताओं नक्शे में फतेहं दरवाजे से बाला हिसार ...............से.मी. की दूरी पर है। जमीन पर यह दूरी ................ मीटर होगी।**

**(viii) मकई दरवाजे से फतेह दरवाजा किर्तनी दूर है?**

**उत्तर :**

(i) नक्शे के अनुसार कटोरी हौजे उत्तर: दिशा में है।

(ii) दक्षिण दिशा में।

(iii) पूरब दिशी में।

(iv) नौ, दरवाजे दिख रहे हैं।

(v) किले में तीन महल हैं।

(vi) पानी के लिए पाँच बावड़ी और तीन हौज हैं।

(vii) नक्शे में फतेह दरवाजे से वाला हिसार 8 से.मी. की दूरी पर है। जमीन पर यह दूरी 880 मीटर होंगी।

(viii) मकई दरवाजे से फतेह दरवाजा 100 मीटर की दूरी पर है।

## चर्चा करो

**Q1. क्या तुमने हाल में ही सुना है कि किसी देश में दूसरे देश पर हमला किया हो?**

**उत्तर :** हाँ, हाल ही में अमेरिका ने ईराक पर हमला किया था।

**Q2. पता करो कि हमली क्यों हुआ होगा?**

**उत्तर :** अमेरिका ईराकी राष्ट्रपति को पकड़ेना चाहती थी।

**Q3. किस तरह के हथियार इस्तेमाल किए गए थे?**

**उत्तर :** इस युद्ध में बहुत तरह की मिसाईलें, बन्दूकें, लड़ाकू विमान, टैंकर आदि चले थे।

**Q4. किस-किस तरह का नुकसान हुआ?**

**उत्तर :** इस लड़ाई में हजारों लोगों की जानें गई, बहुत से घर टूट कर बिखर गए और सम्पत्ति का नुकसान हुआ। पता करो श्रीधर ने किले में जो तोप देखी थी, वंह काँसे की बनी है।

## पता करो

**Q1. तुमने कभी काँसे की कोई चीजे देखी है?**

**उत्तर :** हाँ, मैने काँसे का दीया, मोमबत्ती स्टैंड और मूर्तियाँ देखी है।

**Q2. तुम्हारे घर में यो आस-पास काँसे की कौन-कौन सी चीजें थीं या आज भी हैं? रंग से पहचानने की कोशिश करो कि कौन-सी चीज ताँबे की, पीतल की और कॉसे की बनी है?**

**उत्तर :** मेरे घर में कारों की बनी चीजें-लोटा और गिलास है। पीतल की बनी चीजें पूजा की थाली, कटोरा हैं।

## लिखो

**Q1. तुमने आसपास किस-किस तरह के बर्तनों का इस्तेमाल होते देखा है?**

**उत्तर :** मैंने अपने आस-पास पीतल, स्टील, ताँबा आदि के बर्तनों का इस्तेमाल होते देखा है।

**Q2. अपने दादा-दादी से पता करो कि उनके समय में और किस-किस तरह के बर्तन इस्तेमाल में लाए जाते थे।**

**उत्तर :** उनके समय में पीतल, ताँबा, तथा मिट्टी के बर्तन इस्तेमाल में लाए जाते थे।

**Q3. क्या तुम भी किसी म्यूजियम में गये हो या उसके बारे में सुना है? वहाँ क्या-क्या होता है?**

**उत्तर :** मैं कोलकाता के म्यूजियम में गया हूँ। वहाँ बहुत पुराने समान जैसे-राजाओं के कपड़े, हथियार, बर्तन, पेंटिंग, आदि रखे जाते हैं।

## इमारत को सर्वे लिखो

**Q1. क्या तुम्हारे घर के आस-पास कोई ऐसी पुरानी इमारत है, जिसे देखने के लिए लोग आते हैं? यदि है तो कौन-सी?**

**उत्तर :** मैं दिल्ली के चाँदनी चौक में रहता हूँ। वहाँ लाल किला है।

**Q2. क्या तुम कभी कोई ऐसी ही पुरानी इमारत देखने कहीं दूर गए हो? कौनसी? वह तुम्हें क्या कुछ बोलती-सी लगी? क्या जान पाएं उस समय के बारे में।**

**उत्तर :** मैं ताज महल देखने आगरा गया था। ताज महल बहुत ही सुन्दर बना हुआ है। यह मुगल बादशाह शाहजहाँ के द्वारा बनवाया गया है।

**Q3. वह कितनी पुरानी है? तुम्हें कैसे पता लगी?**


**उत्तर :** यह लगभग चार सौ साल पुरानी है। ऐसा मैंने किताबों में पढ़ा था।

**Q4. किस रंग की है?**

**उत्तर :** सफेद रंग की है।

**Q5. क्या उसमें कुछ खास तरह के डिजाइन बने हैं? यहाँ बनाओ।**

**उत्तर :**



**Q6. उसमें कौन से लोग रहते होंगे?**

**उत्तर :** उसमें कोई नहीं रहता।

**Q7. वहाँ क्या-क्या काम होता है?**

**उत्तर :** वहाँ कोई काम नहीं होता। लोग वहाँ घूमने आते हैं।

**Q8. क्या अभी भी उसमें लोग रहते हैं?**

**उत्तर :** वहाँ अब कोई नहीं रहता है।

## हम क्या समझे

**Q1. संगीता को लगता है कि म्यूजियम में पुरानी चीजें सँभालकर रखना बेकार है। तुम उसे कैसे समझाओगे कि म्यूजियम का होना जरूरी है?**

**उत्तर :** म्यूजियम में बहुत पुरानी वस्तुएँ रखी रहती है जो हमें प्राचीन काल के लोगों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति के बारे में बताती हैं। इसलिए म्यूजियम बहुत जरूरी है।

**Q2. तुम्हें क्या लगता है इस पाठ का नाम बोलती इमारतें क्यों रखा गया है?**

**उत्तर :** इस पाठ में बहुत सारी इमारतों के बारे में बताया गया है इसलिए इस पाठ का नाम बोलती इमारतें बिल्कुल सही है।